शनिवार
02 सितंबर, 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



नीतीश कुमार बोले, हमारी एकजुटता से केंद्र में मौजूद सरकार हारेगी
2




**मोदी सरकार का बड़ा फैसला:** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को बनाया गया समिति का अध्यक्ष

# एक देश एक चुनाव के लिए समिति गठित

- समिति की रिपोर्ट के बाद ही तय होगा कि चुनाव साथ होंगे या नहीं
- 18 से 22 सितंबर तक केंद्र सरकार ने बुलाया संसद का विशेष सत्र
- सरकार एक देश एक चुनाव को लेकर ला सकती है बिल





**एजेंसी/नई दिल्ली**

देश में एक ही चुनाव कराने को लेकर केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। केंद्र ने एक देश एक चुनाव को लेकर एक समिति का गठन किया है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को इस समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। यह समिति इस मुद्दे पर विचार करने के बाद अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। इसके बाद ही यह तय होगा कि आने वाले समय में क्या सरकार लोकसभा चुनाव के साथ ही सभी राज्यों में विधानसभा के चुनाव कराएगी या नहीं। बता दें कि एक देश-एक चुनाव का मतलब है कि देश में होने वाले सारे चुनाव एक साथ ही करा लिए जाएं। देश के आजाद होने के कुछ समय बाद तक लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ ही कराए जाते थे लेकिन इस प्रथा को बाद में खत्म करके विधानसभा और लोकसभा चुनाव को अलग-अलग से कराया जाने लगा। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने 18 से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र बुलाया है। सूत्रों के अनुसार सरकार इस दौरान एक देश एक चुनाव को लेकर बिल भी ला सकती है।

**लागू करने में आएगी ये चुनौती:** सूत्रों के अनुसार 'एक देश एक चुनाव' को लागू करने से केंद्र में बैठी सरकार के दल को फायदा संभव है। ऐसा हुआ तो जिस दल की केंद्र में सरकार है वो ही अन्य राज्यों में भी सरकार बना सकती है। इस परंपरा के शुरू होने से छोटे दलों को हो सकता है नुकसान। साथ ही इसके लागू होने के बाद चुनावी नतीजों में हो सकती है देरी। सबसे बड़ा सवाल ये है कि अगर अपना कार्यकाल पूरा करने से पहले ही गिर जाए तो ऐसे में क्या किया जाएगा। सूत्रों का मानना है कि इसके लागू होने से संवैधानिक, राजनीतिक, ढांचागत चुनौतियां बढ़ेंगी। साथ ही साथ विधानसभा, लोकसभा का एक दिन का कार्यकाल बढ़ाने पर संवैधानिक संशोधन जरूरी होगा। विधानसभा का कार्यकाल घटाने या बढ़ाने पर सर्वसम्मति कैसे बना पाएगी सरकार, ये भी एक बड़ा सवाल है। सरकार को संवैधानिक संशोधन को पहले लोकसभा और बाद में राज्यसभा से पारित कराना होगा। इसे लागू कराने के लिए केंद्र सरकार को कम से कम 15 राज्यों की विधानसभाओं से इस प्रस्ताव को अनुमोदित कराना होगा।

## भारत में चुनाव कराना बेहद खर्चीला

भारत उन देशों में हैं जहां चुनाव कराना बेहद खर्चीला माना जाता है। वन नेशन, वन इलेक्शन के पक्ष में सबसे बड़ी दलील यही दी जा रही है कि इससे चुनावी खर्च में कमी आएगी। सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज के मुताबिक साल 2019 में हुए आम चुनावों पर 55,000 करोड़ रुपये का खर्च आया था जो 2016 में अमेरिका में हुए राष्ट्रपति चुनावों से भी ज्यादा है। पिछले लोकसभा चुनावों में हर वोटर पर आठ डॉलर का खर्च आया था जबकि देश में आधी से ज्यादा आबादी रोजाना तीन डॉलर से भी कम पर गुजारा करने को मजबूर है। ऐसे में चुनावों पर भारी-भरकम खर्च को लेकर सवाल उठने जायज हैं।

**1998 से 2019 के बीच चुनावी खर्च में छह गुना बढ़ोतरी:** हर चुनाव के साथ यह खर्च बढ़ता जा रहा है। सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज के मुताबिक 1998 से 2019 के बीच चुनावी खर्च में छह गुना बढ़ोतरी हुई है। 1998 में यह राशि 9,000 करोड़ रुपये थी जबकि 2019 में 55,000 करोड़ रुपये पहुंच गई। राजनीतिक पार्टियां चुनावों पर जमकर पैसा बहाती हैं। हालांकि आधिकारिक आंकड़े कुछ और ही कहानी बयां करते हैं। साल 2022 में चुनाव आयोग ने पांच राज्यों पंजाब, मणिपुर, उत्तर प्रदेश, गोवा और उत्तराखंड में हुए विधानसभा चुनावों में हुए खर्च के आंकड़े जारी किए। चुनाव आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक बीजेपी ने इन पांच राज्यों में चुनाव प्रचार पर 340 करोड़ रुपये और कांग्रेस ने 190 करोड़ रुपये खर्च किए। जानकारों का कहना है कि ये वे आंकड़े हैं जो राजनीतिक दल चुनाव आयोग को देते हैं। लेकिन चुनाव प्रचार में इससे कहीं ज्यादा खर्च होता है।

**1967 तक देश में साथ-साथ होते थे लोकसभा-विधानसभाओं के चुनाव:** सवाल है कि क्या वन नेशन, वन इलेक्शन से इस खर्च पर लगाम लगाई जा सकती है? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई बार वन नेशन, वन इलेक्शन की पैरवी कर चुके हैं। लेकिन यह सब इतना आसान भी नहीं है। इस कॉन्सेप्ट की सबसे बड़ी बाधा राजनीतिक अस्थिरता है। साल 1967 तक देश में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव साथ-साथ होते थे। लेकिन राजनीतिक अस्थिरता के कारण दोनों के रास्ते अलग-अलग हो गए। कई बार विधानसभाएं समय से पहले भंग हो गई तो कई बार केंद्र सरकार अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाई।

# इंडिया गठबंधन ने सर्वोच्च इकाई के रूप में बनाई 13 सदस्यीय समिति



- समिति में शरद पवार, के.सी. वेणुगोपाल, एम.के. स्टालिन, तेजस्वी यादव, अभिषेक बनर्जी हेमंत सोरेन, ललन सिंह व अन्य नेता शामिल

**एजेंसी/मुंबई**

विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) ने शुक्रवार को 13 सदस्यीय समिति बनाई। इसमें कई दलों के प्रमुख नेता शामिल हैं। यह समन्वय समिति ही गठबंधन की सर्वोच्च इकाई के रूप में काम करेगी। इस समिति में कांग्रेस के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार, द्रमुक नेता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन का नाम शामिल हैं। इसके अलावा राजद के नेता और बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी, झामुमो के नेता और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत, आप के सांसद राघव चड्ढा, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के डी. राजा, नेशनल कांफ्रेंस के उमर अब्दुल्ला और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की महबूबा मुफ्ती शामिल हैं। इसमें जदयू के अध्यक्ष ललन सिंह और सपा के सांसद जावेद अली खान भी शामिल किए गए हैं। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 30 सितंबर तक सीटों के तालमेल का काम पूरा कर लिया जाएगा।

## हम बीजेपी को हराने वाले हैं: राहुल गांधी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को यह कहते हुए बीजेपी पर हमला बोला कि जब एक समय दुनिया का सुपर पावर रहा इंग्लैंड 'कांग्रेस मुक्त भारत' नहीं कर पाया था तो पीएम मोदी यह कैसे करेंगे। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मुंबई में कहा, मोदी जी आए तो उन्होंने कहा- कांग्रेस मुक्त भारत, याद है आपको नारा. अब दुनिया का सुपर पावर जो था, इंग्लैंड था, वो कांग्रेस मुक्त भारत नहीं कर पाया, मोदी कैसे करेंगे। राहुल गांधी ने आगे कहा, मतलब जो दुनिया का सुपर पावर था, जो आज अमेरिका है, उस समय इंग्लैंड था, वो कांग्रेस को मिटा नहीं पाया, उल्टा कांग्रेस ने उसको मिटाकर बाहर भगा दिया और मोदी जी सोचते हैं कि उनका और अडानी जी का रिश्ता कांग्रेस को मिटा देगा। मतलब सोचते हैं कि अडानी जी का पैसा कांग्रेस पार्टी को मिटा सकता है।

राहुल गांधी ने कहा, कहते हैं कांग्रेस में दम नहीं है, दम नहीं है तो कर्नाटक में बीजेपी को किसने पटका। महाराष्ट्र में कौन सी पार्टी है जो नहीं टूटी, वो हमारी पार्टी है। ये बब्बर शेर की पार्टी है, शेरनिया भी हैं, ये डरती नहीं। महाराष्ट्र में बीजेपी की सफाई होने वाली है। उन्होंने कहा, हम बीजेपी को हराने वाले हैं। सीनियर लीडर तो हैं, लेकिन कार्यकर्ता को सबसे पहले रिवाड्र्स देना चाहिए।

# आरएसएस प्रमुख बोले... भारत एक हिंदू राष्ट्र, सभी भारतीय हिंदू

**एजेंसी/नागपुर**

आरएसएस संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि भारत एक हिंदू राष्ट्र है। भागवत ने आगे कहा कि सभी भारतीय हिंदू हैं और हिंदू सभी भारतीयों का प्रतिनिधित्व करते हैं। भागवत ने ये भी कहा कि संघ को सभी के बारे में चिंतित होना चाहिए। बता दें कि भागवत नागपुर में दैनिक अखबार तरुण भारत का प्रकाशन करने वाली संस्था श्री नरकेसरी प्रकाशन लिमिटेड की नई इमारत के उद्घाटन के मौके पर बोल रहे थे। स दौरान कहा, 'हिंदुस्तान एक हिंदू राष्ट्र है और ये सच्चाई है। वैचारिक रूप से सभी भारतीय हिंदू हैं और हिंदू का मतलब सभी भारतीय हैं। वे सभी जो आज भारत में हैं, वे हिंदू संस्कृति, हिंदू पूर्वजों और हिंदुओं की जमीन से संबंधित हैं। कुछ लोग इस बात को समझ गए हैं, लेकिन कुछ लोग अपनी आदतों और स्वार्थ के कारण इस पर अमल नहीं कर रहे हैं।' उन्होंने आगे कहा कि कुछ लोग या तो इसे अभी तक समझ नहीं पाए हैं या भूल गए हैं।

## आज सुबह 11.50 बजे लांच होगा आदित्य-एल1

**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अपने पहले सूर्य मिशन 'आदित्य-एल1' को लॉन्च करने को लेकर पूरी तरह से तैयार है। इस मिशन को दो सितंबर सुबह 11 बजकर 50 मिनट पर श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च किया जाएगा। भारत के इस पहले सौर मिशन से इसरो सूर्य का अध्ययन करेगा। आदित्य एल-1 को अंतरिक्ष में 'लैग्रेंज प्वाइंट' यानी एल-1 कक्षा में स्थापित किया जाएगा। इसके बाद यह ये सैटेलाइट सूर्य पर होने वाली गतिविधियों का 24 घंटे अध्ययन करेगा। एल-1 सैटेलाइट को पृथ्वी से 15 लाख किलोमीटर दूर स्थापित किया जाएगा।

# अमान्य विवाह से पैदा होने वाली संतान को भी अपने पिता या माता की पैतृक संपत्ति पर अधिकार: सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी/नई दिल्ली**



अमान्य विवाह से पैदा होने वाली संतान को भी अपने पिता या माता की पैतृक संपत्ति पर अधिकार मिल सकेगा. सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि इस तरह की संतान को कानून अवैध नहीं मानता। इसलिए, उसे उस संपत्ति से वंचित नहीं किया जा सकता, जो संयुक्त हिंदू परिवार में उसके पिता या माता के हिस्से में आई हैं। हालांकि, कोर्ट ने साफ किया है कि ऐसी संतान किसी अन्य 'कोपार्सेनर' (संयुक्त संपत्ति के अधिकारी) के हिस्से पर अपना हक नहीं जता सकता। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला इस लिए अहम है क्योंकि वॉइड और वॉइडेबल (यानी शून्य या शून्य करार देने लायक) शादी से पैदा संतान को अभी तक अपने माता-पिता की स्वयं अर्जित संपत्ति में तो अधिकार मिल सकता था, लेकिन पैतृक संपत्ति में नहीं। यह मामला 31 मार्च 2011 को सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच ने बड़ी बेंच के पास भेजा था। पिछले महीने इस पर चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस जे बी पारडीवाला और मनोज मिश्रा की बेंच ने सुनवाई की और अब यह अहम फैसला दिया है।







### इंडिया गठबंधन की बैठक के बाद बोले नीतीश कुमार

# हमारी एकजुटता से केंद्र में मौजूद सरकार हारेगी

- नियमित रूप से जगह- जगह जाकर होगा प्रचार-प्रसार
- समाज के हर तबके का होगा उत्थान, किसी की उपेक्षा नहीं

**केटी न्यूज/पटना**

मुंबई में आयोजित विपक्षी बैठक के बाद शुक्रवार को सीएम नीतीश कुमार ने मीडिया को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी मिलकर अच्छा काम कर रहे हैं। सभी को लेकर आगे बढ़ना है। हम कोशिश करते रहे थे कि सभी मिल जाएं फिर बात समझते-समझते सब कुछ हो गया। आज ही तय कर लिया गया है कि हम अभी से तेजी से काम शुरू कर देंगे। कोई ठिकाना नहीं है चुनाव समय से पहले भी हो सकता है इसलिए हम लोगों को भी अलर्ट रहना पड़ेगा। नीतीश कुमार ने कहा कि आज तय हुआ है कि अब नियमित रूप से जगह-जगह जाकर हम अपना प्रचार-प्रसार का काम करेंगे। अब सभी पार्टियां एकजुट होकर काम कर रही हैं, जिसका नतीजा होगा कि जो केंद्र में हैं, वे अब हारेंगे। देश के इतिहास को ये लोग बदलना चाहते हैं। ये हम नहीं बदलने देंगे। किसी की उपेक्षा नहीं होगी। बहुत कोशिश चलता है कि हिंदू-मुस्लिम इधर-उधर हो जाए। देश सबका है।



### दंगा-फसाद वाली पार्टी को करारा जवाब देंगे: तेजस्वी

शुक्रवार की शाम मीडिया से बातचीत करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि यह विपक्षी दलों की एकता की तीसरी बैठक है। इसके कई मायने हैं। लोग चाहते थे कि एक सही विकल्प रखा जाए। ऐसा लोग चाहते थे। हमें पूरा विश्वास है कि जो लोकतंत्र और संविधान को खत्म करना चाहते हैं, देश का इतिहास बदलना चाहते हैं। जो दंगा-फसाद वाली पार्टी है, 2024 के चुनाव उसे लोग करारा जवाब देना चाहती है। इसलिए हम सब लोग एक हुए। अगर हमलोग एक नहीं होते तो जनता हमें माफ नहीं करती। तेजस्वी यादव ने रसोई गैस के दाम में कमी पर भी केंद्र सरकार पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि अगर हम आपकी जेब से 5,000 रुपए निकाल कर 200 रुपए वापस कर दें। तो बताइए, आपको फायदा हुआ या नुकसान? देश के लोग सच्चाई जानते हैं कि मोदी सरकार आगामी चुनावों के मद्देनजर ऐसा कर रही है। यह एक चुनावी स्टंट है। ये बेवकूफ बनाने वाली बात है।

**घमंडिया गठबंधन देश को बांटना चाहती है: भाजपा:** इधर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि घमंडिया गठबंधन में 22 लोग देश के प्रधानमंत्री के उम्मीदार हैं और लगभग 17 लोग इस देश में संयोजक बनना चाहते हैं। कांग्रेस या आप पार्टी का संयोजक होगा यह तो समय ही बताएगा। घमंडिया गठबंधन देश को बांटना चाहती है। इसमें देश बांटने वाले लोगों की टीम है। देश को कैसे लूटे, इसकी तैयारी 28 पार्टी के नेता कर रहे हैं।

# राज्य में 30 सितंबर तक मनेगा राष्ट्रीय पोषण माह, एनीमिया प्रबंधन पर जोर

**केटी न्यूज/पटना**

राज्य में 1 से लेकर 30 सितंबर तक पोषण अभियान चलाया जाएगा। पोषण माह को सफल बनाने के लिए आईसीडीएस के निदेशक कौशल किशोर ने राज्य स्तरीय पोषण कर्मियों एवं डेवलपमेंट पार्टनर के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने जरुरी दिशा-निर्देश दिया। कहा कि सितंबर माह में अलग-अलग गतिविधियों के जरिए पोषण पर जागरूकता बढ़ाई जाएगी। इस बार के पोषण माह में एनीमिया प्रबंधन पर जोर होगा। साथ ही 6 माह तक शिशु के लिए सिर्फ स्तनपान एवं इसके बाद अनुपूरक आहार की जरूरत पर भी ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पोषण माह के दौरान कस्तूरबा बालिका विद्यालय, दिव्यांग जन विद्यालय के साथ अन्य विद्यालयों में खून की जांच कर एनीमिया की पहचान की जाएगी।




**पहले सप्ताह में रैली और शपथ ग्रहण से बढ़ेगी जागरूकता:** आंगनबाड़ी केंद्रों पर आमलोगों के बीच जन-जागरूकता के लिए एक और दो सितंबर को पूरे राज्य में पोषण रैली, प्रभातफेरी और साइकिल रैली निकाली जाएगी। वहीं चार सितंबर को पोषण शपथ कार्यक्रम और पोषण शपथ हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया जाएगा। वहीं,सात सितंबर को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर समुदाय आधारित गतिविधियां जैसे गोदभराई सह सुपोषण दिवस का आयोजन होगा। एक से लेकर नौ सितंबर के बीच आंगनबाड़ी सेविका के द्वारा गृह भ्रमण भी किया जाएगा। इस दौरान छह माह तक केवल स्तनपान व 6 माह के बाद उपरी आहार एवं दो वर्ष तक के बच्चों को उपरी आहार के साथ-साथ स्तनपान का अभ्यास और परामर्श देने पर बल दिया जाएगा। इसके अलावा बच्चों की वृद्धि निगरानी और स्वस्थ बालक-बालिका प्रतिस्पर्धा का आयोजन प्रखंड व आंगनबाड़ी केंद्रों पर किया जाएगा। एक से लेकर नौ सितंबर के बीच केवल स्तनपान एवं उपरी आहार तथा स्वस्थ बालक-बालिका प्रतिस्पर्धा विषय के तहत सभी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. जिसमें आईसीडीएस, स्वास्थ्य विभाग, जीविका, शिक्षा विभाग और पंचायती राज एवं अन्य सहयोगी विभाग की होगी।

**11 से 16 सितंबर के बीच पोषण भी और पढ़ाई भी पर जोर:** ग्यारह से लेकर 16 सितंबर तक पोषण भी, पढ़ाई भी विषय के तहत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान गृह भ्रमण 0-3 व 3-6 साल के बच्चों के पोषण व प्रोत्साहन से संबंधित परामर्श व अभिभावकों के बीच बच्चों के पालन-पोषण व विकास से संबंधित गतिविधियों का प्रदर्शन किया जाएगा। उक्त सभी कार्यक्रम आंगनबाड़ी केंद्र, प्रखंडों और विद्यालयों में आयोजित किए जाएंगे।

**18 से 23 सितंबर तक :** 18 से 23 सितंबर तक राज्य के सभी जिले, प्रखंड, आंगनबाड़ी केंद्र और समुदाय के बीच मिशन लाइफ के माध्यम से पोषण स्तर में सुधार हेतु जागरूकता विषय के तहत कार्यक्रम चलाया जाएगा। इस दौरान गृह भ्रमण के तहत 6 माह से उपर के बच्चों को उपरी आहार में घर में आसानी से बनने वाले आहार में खाद्य विविधता को शामिल करने हेतु परामर्श दिया जाएगा।

**20 से 30 सितंबर तक :** 20 से लेकर 30 सितंबर के बीच मेरी माटी, मेरा देश अभियान, एनीमिया प्रबंधन पर परीक्षण, उपचार,परामर्श और चर्चा का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा जनजातीय क्षेत्रों में पोषण संवेदीकरण हेतु उन्मुखीकरण व परामर्श कार्यक्रम होगा। इस दौरान आईसीडीएस से पोषण अभियान की राज्य नोडल रिफत अंसारी, मंत्रेश्वर झा, डॉ. मनोज, डॉ. चंदा के साथ पिरामल, यूनिसेफ, प्रथम, पीसीआई के साथ सीफार के राज्य स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# भाजपा के खिलाफ जदयू का पोल खोल अभियान शुरू, निकाला मशाल जुलूस

**केटी न्यूज/पटना**

जदयू ने शुक्रवार को भाजपा के खिलाफ पोल खोल अभियान की शुरूआत। इसके तहत उमेश कुशवाहा के नेतृत्व में भाजपा की पोल खोलने जदयू कार्यकर्ता सड़क पर उतरे। पटना जिला जदयू की ओर से पार्टी मुख्यालय से हार्डिंग पार्क तक मशाल जुलूस और कैंडल मार्च निकाला गया। जुलूस में पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, पटना जिला के पदाधिकारी और कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में मौजूद रहे। दूसरे चरण में 7 से 12 सितबंर तक प्रखंड मुख्यालयों में मशाल जुलूस और कैंडल मार्च का आयोजन किया जाएगा और तीसरे यानी अंतिम चरण में 15 से 20 सितंबर तक पार्टी के सभी पदाधिकारीगण अपने-अपने घरों में काला झंडा लगाकर मौजूदा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेंगे।

# पूर्व सांसद बाहुबली प्रभुनाथ सिंह को उम्रकैद

**एजेंसी/नई दिल्ली**

देश की शीर्ष अदालत ने राजद नेता और पार्टी के पूर्व सांसद बाहुबली प्रभुनाथ सिंह को उम्रकैद की सजा सुनाई है। वोट के लिए हत्या के किसी केस में शायद बिहार में ऐसी पहली सजा है। निचली अदालत से लेकर हाईकोर्ट तक प्रभुनाथ सिंह को राहत मिलती गई थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने अब उन्हें दोषी मानकर उम्रकैद की सजा सुनाई है। फिलहाल वह जेल में ही हैं। तत्कालीन एमएलए अशोक सिंह की हत्याकांड में जेल में सजा काट रहे हैं।

**निचली अदालत के बाद पटना हाईकोर्ट ने भी दे दी थी राहत:** आरोप यह था कि पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह ने अपने कहे अनुसार वोट नहीं देने पर छपरा के मसरख निवासी राजेंद्र राय (47) और दारोगा राय (18) की हत्या करवा दी। आरोप था कि इन लोगों ने प्रभुनाथ सिंह समर्थित प्रत्याशी को अपना मत नहीं दिया था। पहले यह मामला निचली अदालत पहुंचा था। 2008 में सबूतों अभाव में यहां से पूर्व सांसद को रिहाई मिल गई थी। इसके बाद यह मामला पटना हाईकोर्ट में पहुंचा। 2012 पटना हाईकोर्ट में मामला गया तो यहां पर निचली अदालत के फैसले को सही माना। इस फैसले के विरोध में राजेंद्र राय के भाई ने सुप्रीम कोर्ट से न्याय की गुहार लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में बिहार के डीजीपी को प्रभुनाथ सिंह को पेश करने का आदेश दिया था। इसके बाद इस मामले में 28 अगस्त को प्रभुनाथ सिंह की ओर आवेदन दायर की गई थी।




## खबरें फटाफट

### शनिचरा बाबा की वार्षिक पूजा आज, तैयारी पूरी

**डुमरांव।** नगर के स्टेशन रोड स्थित शनिचरा बाबा की वार्षिक पूजा आज मनाई जाएगी। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। पूर्व संध्या पर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजा लिया गया है। वही मंदिर के आस पास मेले का नजारा दिखाई पड़ने लगा है। बता दें कि तुरहा समाज द्वारा शनिचरा बाबा की पूजा की जाती है। इस बार भी पारंपरिक उल्लास के साथ यह पूजा आयोजित की जाएगी। पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि वार्षिक पूजा की तैयारी पूरी कर ली गई है। शनिवार को अहले सुबह से वार्षिक पूजा के विधानों को शुरू किया जाएगा। वही शाम में मेले का आयोजन भी किया जाएगा। बता दें कि शनि को न्याय का देवता माना जाता है।

### जीविका कर्मी के मौत पर शोक सभा आयोजित

**केसठ।** प्रखंड के स्थानीय नया बाजार स्थित जीविका कार्यालय में शुक्रवार को शोक सभा का आयोजन जीविका की दिवंगत एमआरपी लक्ष्मी कुमारी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। जिसकी अध्यक्षता बीपीएम धर्मवीर कुमार गुप्ता ने किया। शोक सभा में कार्यालय के पदाधिकारियों, कर्मियों व जीविका दीदियों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति का कामना किया। विदित हो कि गुरुवार को राखी बांधने जाने के क्रम में केसठ पुराना बाजार निवासी लक्ष्मी कुमारी जो केसठ जीविका कार्यालय में एचएनएस एमआरपी के पद पर कार्यरत थी। जिसका भोजपुर जिले में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। मौके पर एरिया कोऑर्डिनेटर सोनू कुमार, बलिराम कुमार, प्रिंट चौधरी, सिमता यादव, निधि कुमारी,जावेद अली, अनिता सिंह सहित अन्य शामिल रहे। बीपीएम ने बताया कि वो अपने कार्य के प्रति काफी तत्पर रहती थीं।

## घटना की सूचना पर पहुंचे एसपी व सीएस, फारेंसिक टीम ने इकट्ठा किए साक्ष्य

# रघुनाथपुर सीएचसी के पूर्व चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेश की संदेहास्पद मौत

**केटी न्यूज/डुमरांव**



रघुनाथपुर सीएचसी के पूर्व चिकित्सा पदाधिकारी डा राजेश गुप्ता की संदेहास्पद मौत हो गई है। शुक्रवार की सुबह वह अपने चैंबर में मृत पाए गए। उनकी मौत रात में ही हो गई थी। हालांकि मौत कब और कैसे हुई इसकी जानकारी किसी को नहीं। सूत्रों की माने तो वे कुछ दिनों से डिप्रेशन में चल रहे थे तथा कुछ दिन पहले ही उनकी जगह डॉ ललन सिंह को सीएचसी का प्रभारी बनाया गया था। डा राजेश मुख्य रूप से पटना जिला के रहने वाले थे। उनकी मौत की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। तत्काल इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस तथा वरीय पदाधिकारियों को दी गई।

सूचना मिलते ही सीएस डा एससी सिन्हा, डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी, एसपी मनीष कुमार समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंची। वही उनके परिजनों को भी सूचना दी गई। हालाकि इस संबंध में विभाग के पदाधिकारी कुछ भी बोलने से परहेज कर रहे हैं। रात में उनके साथ ड्यूटि करने वाले कर्मियों ने भी उनके मौत के संबंध में कुछ जानकारी नहीं दी है। उनकी मौत किन कारणों से हुई है इसकी जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकती है। फिलहाल पुलिस और स्वास्थ्य विभाग इसकी जांच कर रहा है। दोपहर बाद उनकी पत्नी के आने के बाद पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेज गया।

पति की मौत की सूचना पर पटना से रघुनाथपुर पहुंची उनकी पत्नी रश्मी गुप्ता ने उनके मौत को संदेहास्पद माना है। उन्होंने बताया कि उनका कई लोगों से विवाद था। हालांकि वह किसी पर शक जाहिर नहीं की है। वही समाचार लिखे जाने तक इस मामले में किसी तरह का एफआईआर दर्ज नहीं कराया गया है।

**फारेंसिक टीम ने लिया घटना स्थल का जायजा:** ड्यूटी के दौरान डाक्टर की संदेहास्पद मौत को स्वास्थ्य विभाग व पुलिस ने काफी गंभीरता से लिया है। एसपी मनीष कुमार कहने पर पटना से आई फारेंसिंक विभाग की टीम ने उक्त कमरे का मुआयना किया जहां वे मृत पाए गए थे। टीम ने उस कमरे से कई चीजों को बतौर साक्ष्य इकट्ठा कर अपने साथ ले गई है।

**कुशल चिकित्सक के साथ ड्यूटी के पंक्चुअल थे डॉ राजेश:** जानकारों की मानें तो डा राजेश एक कुशल चिकित्सक के साथ ही अपने ड्यूटी के काफी पंक्चुअल थे। वे न सिर्फ सयम से अपनी ड्यूटी करते थे बल्कि अन्य डाक्टरों या कर्मियों से भी ऐसी ही अपेक्षा रखते थे। सूत्र बताते है कि इसी कारण उनका विवाद अपने सहकर्मियों के साथ होता था। बताया जाता है कि 2020 में जब कोरोना के कारण लॉक डाउन लगाया गया था तथा ट्रेन व बस सहित अन्य यात्री परिवहनों के परिचालन पर रोक लगा दी गई थी तब वे पटना में थे। अस्पताल में आने के लिए वे साइकिल से ही पटना से रघुनाथपुर चले आए थे। आस पास के लोगों ने भी बताया कि वे साइकिल ही चलाते थे तथा काफी अच्छा इलाज भी करते थे।

**क्या कहते हैं एसपी**

रघुनाथपुर सीएचसी के चिकित्सा पदाधिकारी डा राजेश गुप्ता की मौत गुरूवार की रात हो गई है। इस मामले की जांच की जा रही है कि उनकी मौत बीमारी के वजह से हुई है या किसी अन्य कारणों से। अभी तक परिजनों द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं कराया गया है। पुलिस सभी बिंदुओं पर गहराई से जांच कर रही है। - **मनीष कुमार, एसपी, बक्सर**

### फ्लिपकार्ट के पैकेज हब में चोरी मामले में पुलिस के हाथ खाली

**डुमरांव।** 26 अगस्त की रात डुमरांव और पुराना भोजपुर के बीच स्थित फ्लिपकार्ट के पैकेज हब में भीषण चोरी मामले में पुलिस के हाथ एक सप्ताह बाद भी खाली है। चोरों की गिरफ्तारी को दूर एक सप्ताह में पुलिस उनकी शिनाख्त तक नहीं कर पाई है। बता दें कि 26 अगस्त की रात फ्लिपकार्ट के पैकेज हब का ग्रिल तोड़ चोरों ने एक लॉकर को तोड़ करीब 5 लाख नगद रूपए चुरा लिए थे। इस दौरान चोरों ने हब में लगे सीसीटीवी कैमरे को तोड़ने के साथ ही अलार्म का तार भी काट दिया था। सुबह में जब इस घटना की जानकारी हुई तो पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई थी।

## रक्षाबंधन पर खुले रहे स्कूल, नहीं पहुंचे छात्र, शिक्षकों ने जताया विरोध

**केटी न्यूज/डुमरांव**



शिक्षा विभाग के अपर सचिव केके पाठक द्वारा रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, दुगार्पूजा, छठ सहित कई प्रमुख त्योहारों की छुट्टियां रद्द किए जाने के बाद गुरूवार को रक्षाबंधन के दिन जिले के प्राइमरी से लेकर प्लस टू तक के सभी विद्यालय खुले रहे। शिक्षक भी स्कूलों में पूरे दिन मौजूद थे। लेकिन किसी भी विद्यालय में छात्र नहीं पहुंचे थे। वही दूसरी तरफ शिक्षक संगठनों ने सरकार के इस फैसले पर कड़ा एतराज जताया है। शिक्षकों ने काल पट्टी बांध विभाग के इस फैसले का विरोध किया।

शिक्षक संघ बिहार के प्रखण्ड इकाई के मीडिया प्रभारी उपेन्द्र पाठक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए मुख्यमंत्री से अविलम्ब हस्तक्षेप करने की मांग की है। संघ के जिला प्रतिनधि संजय सिंह ने कहा कि छुट्टियों में कटौती तुगलकी फरमान ही नहीं है, बल्कि संविधान द्वारा प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता के मौलिक अधिकारों का भी हनन है। स्कूलों में पूर्व से श्री कृष्ण जन्माष्टमी , हरतालिका तीज, जीवित्पुत्रिका व्रत की छुट्टियों को समाप्त कर दिया गया है। इतना ही नहीं दुगार्पूजा एवं छठ के अवसर पर 8-8 दिनों की निर्धारित छुट्टी को खत्म करते हुए मात्र एक और दो दिन की छुट्टी दी गयी है। इससे पूरा शिक्षक समाज आक्रोशित है। अनुमंडल अध्यक्ष नवनीत कुमार ने कहा कि यहां की महिलाएं तीज व्रत करती हैं और दिन रात उपवास रहकर रात्रि में जागरण भी करती है जिसकी अनदेखी करना सरासर गलत है। प्रखण्ड अध्यक्ष कमलेश पाठक ने कहा कि अगर सरकार इन छुट्टियों को पुनः लागू नहीं करती है तो राज्य भर में कार्यरत 60 प्रतिशत से अधिक महिला शिक्षिकाओं की धार्मिक स्वतंत्रता का हनन होगा जिसके लिये सरकार जिम्मेवार होगी।

शिक्षक नेता पूर्णानन्द मिश्र ने कहा की महिलाएं अपने पुत्र के दीघार्यु के लिए जीवित्पुत्रिका व्रत रखती है और यह व्रत भी पूर्णतः निर्जला होता है और ऐसे कठिन त्योहार की छुट्टी रद्द कर देना तानाशाही का परिचायक है। अनिता यादव ने कहा कि अगर सरकार यह आदेश वापस नही लेती है तो शिक्षक सड़क पर उतरकर आन्दोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

## एक नजर

### डीएम ने समाहरणालय परिसर से राष्ट्रीय पोषण रथ को हरी झंडी दिखा किया रवाना



**बक्सर।** शुक्रवार को समाहरणालय परिसर में डीएम अंशुल अग्रवाल, डीसीसी डॉ महेंद्र पाल, डीपीओ आईसीडीएस श्वेता सिंह, चंदन कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर पोषण रथ को रवाना किया। डीपीओ आईसीडीएस श्वेता सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण रथ के माध्यम से अभियान के तहत 1 सितंबर से 30 सितंबर तक जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। कार्यक्रम प्रतिवर्ष निर्धारित अवधि में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत मनाया जाता है। पोषण माह के दौरान समय रूप से व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों और 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में पोषण स्तर में अपेक्षित सुधार लेने लाने हेतु जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। सफलता को लेकर जागरूकता अभियान जन भागदरी के माध्यम से ही संभव है। इस वर्ष पोषण माह का थीम सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत है। पोषण माह 2023 हेतु स्तनपान एवं ऊपरी आहार के लिए परामर्श व जागरूकता गतिविधि का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही स्वस्थ बालक-बालिका प्रतिस्पर्धा का आयोजन, पोषण भी, पढ़ाई भी, मिशन लाइफ के माध्यम से पोषण स्तर में सुधार हेतु जागरूकता गतिविधि का आयोजन, मेरी माटी मेरा देश अभियान, जनजातीय केंद्रित क्षेत्रों में पोषण संवेदीकरण हेतु उन्मुखीकरण व परामर्श एनीमिया प्रबंधन पर परीक्षण, उपचार को लेकर चर्चा की जाएगी। राष्ट्रीय पोषण रथ के माध्यम से आम जन में पहुंचाया जाएगा। इस मैके पर जनसंपर्क पदाधिकारी विनोद कुमार, शशांक सिंह, विकास कुमार, चंदन कुमार, महेंद्र कुमार, राजवंत सिंह समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित है।

### क्रेडिट कैंप लगाकर अधिक से अधिक लोगों को वित्तीय सहायता प्रदान करें बैंक: डीएम

**बक्सर।** शुक्रवार को डीएम अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में बैंको के जोनल प्रबंधक, जिला समन्वयकों की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में संपन्न हुई। इस बैठक में डीएम ने बैंकों को सीडी रेश्यो एवं एसीपी रेश्यो बढ़ाने का निर्देश दिया। सभी बैंकों के प्रतिनिधियों को लक्ष्य के अनुरूप पीएमईजीपी एवं पीएमएफएमई योजनाओं में नियमानुसार आवेदनों पर कारवाई करने को कहा गया। वही रोजगार सृजन के लिए क्रेडिट कैंप लगाकर अधिक से अधिक लोगों को नियमानुसार बैंकों द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान कर को डीएम ने कहा। बैठक में एलडीएम द्वारा बताया गया कि पीएमईजीपी योजना में 250 में 118 आवेदकों का ऋण स्वीकृत किया गया है एवं पीएमएफएमई योजना में 177 में 61 आवेदकों का ऋण स्वीकृत किया गया है। डीएम ने कहा कि सरकार द्वारा लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है। इन योजनाओं की सफलता बैंकों पर ही निर्भर है। उन्होंने बैंक प्रबंधन से बिना भेदभाव किए लाभुकों को योजना के तहत ऋण मुहैया कराने को कहा।



# जैविक कारीडोर के तहत किसानों को दी गई जैविक खेती की जानकारी

**केटी न्यूज/डुमरांव**



बिहार सरकार द्वारा जैविक कारीडोर फेज-2 कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत जिले के करीब 1500 किसानों को जैविक विधि से खेती के लिए प्रशिक्षित करना है। शुक्रवार को अनुमंडल के चक्की प्रखंड के अरक गांव में दियारांचल एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड तथा निर्भर एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के करीब 400 किसानों को जैविक खेती के बारे में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। यह आयोजन अरक के जैविक किसान विनोद सिंह के फार्म हाउस में आयोजित हुआ था। जहां किसानों को जैविक विधि से खेती करने, जैविक उर्वरकों के निर्माण तथा इससे होने वाले फायदों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

इस प्रशिक्षण का उद्घाटन सहायक निदेशक उद्यान और उप परियोजना निदेशक आत्मा ने किया। किसानों को जैविक नोडल पदाधिकारी शेखर किशोर, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी शेखर कुमार, डुमराँव, डीपीएमयू ऋषभ राज, आईसीएस सुधीर पाठक ने संबोधित किया। जैविक ड्रैगन फ्रुट की खेती करने वाले वैकुंठ तिवारी ने भी अपना अनुभव साझा किया। इस दौरान दियरांचल एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के विनोद तिवारी, रंजन मिश्र, अजय कुमार समेत सैकड़ो किसान मौजूद रहे। किसानों ने बड़े रूचि के साथ जैविक खेती के गुर सीखे। इस आशय की जानकारी देते हुए विनोद तिवारी ने कहा कि उनका लक्ष्य अगले कुछ वर्षों में जिले में पूर्ण रूप से रसायनिक खादों के उपयोग पर रोक लगवाने का है। इसके लिए किसानों को जैविक खेती के लिए प्रेरित किया जा रहा है। बता दें कि जैविक मशालों तथा अन्य उत्पादों के लिए इसी जगह पर विनोद तिवारी की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सराहना की थी।

## किसानों ने खरीदा आर्गेनिक सरसो तेल

**डुमरांव।** प्रशिक्षण के दौरान दियरांचल एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा निर्मित आर्गेनिक सरसो तेल का स्टाल भी लगा था। कंपनी के डायरेक्टर विनोद तिवारी व रंजन मिश्र ने बताया कि प्रशिक्षण के उपरांत जिलेभर से आए किसानों से एक क्वींटल से अधिक सरसो तेल की खरीददारी की। बता दें कि दियारांचल एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का आर्गेनिक सरसो तेल पूरे बिहार का इकलौता ऐसा आर्गेनिक सरसो तेल है जो मान्यता प्राप्त लैब से प्रमाणित किया गया है।




### डुमरांव अनुमंडल की विभिन्न सड़कों पर आए दिन हो रहे हादसे

# जानलेवा बनी तेज रफ्तार, तीन माह में सात की जा चुकी है मौत

**केटी न्यूज/डुमरांव**



अनुमंडल की सड़कों पर तेज रफ्तार की कहर से आये दिन हादसे हो रहे हैं। सड़क पर ट्रैफिक नियमों की अनदेखी कर कोई वाहन का परिचालन करता है तो रफ्तार मौत बनकर उसे अपने आगोश में ले लेती है। पिछले तीन माह के आंकड़ों पर गौर करे तो डुमरांव अनुमंडल के विभिन्न सड़को पर सड़क दुर्घटनाओं में सात से अधिक लोग मौत के गाल में समा चुके है और दो दर्जन से अधिक लोग जख्मी हुए है। इन मौतों में अधिकांश युवा वर्ग के है, जो स्पीड के रोमांच के कारण अपनी जान गंवा चुके है। बावजूद वाहन चालक ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ा रहे है। हाइवे-एनएच से लेकर मुख्य सड़क तक गति सीमा निर्धारित है लेकिन कहीं भी रफ्तार नियंत्रण की जांच नही होती। वाहन चालक अपने मन-माफिक रफ्तार में वाहन का परिचालन करते है। परिवहन विभाग व पुलिस के रिकॉर्ड के मुताबिक अधिकांश सड़क हादसे अधिक रफ्तार से ही होती है। दुर्घटना की मुख्य वजह ही अनियंत्रित रफ्तार मानी जाती है। वैसे तो वाहनों की रफ्तार पर लगाम लगाने के लिए परिवहन एक्ट में कई नियम-कानून है लेकिन इसका अनुपालन धरातल पर नहीं होता है। परिवहन विभाग के सूत्रों की माने तो ओवर स्पीड को लेकर चालकों का चालान काटा जाता है लेकिन अभी तक विभाग ओवर स्पीड के लिए किसी से जुमार्ना नहीं वसूला है। सड़क हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीण सड़क को जाम कर आवागमन ठप कर देते है। ऐसी स्थिति में दूर-दराज जाने वाले यात्रियों को खासे परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पुलिस के लिए भी लॉ एंड आर्डर की समस्या खड़ी हो जाती है।

**झारखंड और यूपी से जुड़ता है यह सड़कः** डुमरांव अनुमंडल की तीन मुख्य सड़के झारखंड और यूपी से जुड़ती है। इन सड़कों पर वाहनों का दबाव अधिक रहता है। पुराना भोजपुर-डुमरांव एनएच 120 सड़क रोहतास से जुड़ती है तो एनएच 922 सड़क बक्सर व आरा को जोड़ती है। इसी तरह एनएच 120 अनुमंडल के मलियाबाग-मोहनियां को जोड़ते हुए उत्तर प्रदेश पहुंचती है। एनएच 120 मुख्य सड़क डुमरांव के सघन आबादी के बीच गुजरती है, जिससे आये दिन हादसों का भय बना रहता है।

**यातायात नियमों की नही है जानकारीः** वाहन चलाते समय यातायात नियमों का अनदेखी करना मौत का कारण बनता है। सड़को पर ओवरटेक करना, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करना, बगैर हेलमेट के बाइक चलाना, दोपहिया वाहनों पर दो से अधिक बैठाना और यातायात संकेतों की अनदेखी करना दुर्घटना में इजाफा करता है। जानकार बताते है कि शहर और ग्रामीण इलाके के सड़कों पर नाबालिग भी तेज रफ्तार में बाइक को चलाते है, जिनके पास लाइसेंस तक नही होता। ऐसे जगहों पर परिवहन विभाग भी नही पहुंच पाता। जब कोई बड़ा हादसा होता है तो प्रशासन हाथ-पांव मारने लगता है।

**हादसों का जोन बना यह सड़क**

एनएच 922 - प्रतापसागर, पुराना भोजपुर, नया भोजपुर, कृष्णाब्रह्म पुल।

## पुरानी पेंशन स्कीम खत्म करने के खिलाफ कर्मचारी संघ ने मनाया ब्लैक डे, आंदोलन की दी चेतावनी




**डुमरांव।** बिहार राज्य ग्रामीण कार्य विभाग कर्मचारी संघ (गोप गुट) अनुमंडल शाखा डुमरांव के सदस्यों ने नई पेंशन व्यवस्था को खत्म कर पुरानी पेंशन व्यवस्था को लागू करवाने के लिए आज ब्लैक डे (काला दिन) कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यालय के तमाम कर्मियों ने आज नई पेंशन के खिलाफ एवं पुरानी पेंशन के समर्थन में काला बिल्ला लगाकर विरोध व्यक्त किया। संघ के सदस्यों ने केंद्र एवं राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। संघ के राज्य अध्यक्ष लव कुश सिंह ने बताया कि आज ही के दिन 2004 में तत्कालीन केंद्र सरकार ने हमारी पेंशन को हमसे छीनने का काम किया था। तब से लेकर आज तक हम लोग इसके खिलाफ में लड़ाई लड़ते आ रहे हैं। हाल के दिनों में कई राज्य सरकारों ने पुरानी पेंशन व्यवस्था को लागू करने का काम किया है। हम लोग भी केंद्र एवं राज्य सरकार से मांग करते हैं कि जितना जल्द हो सके नई पेंशन व्यवस्था को खत्म कर पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल किया जाए। नहीं तो आने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में वर्तमान सरकारों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। राज्य अध्यक्ष ने कहा कि नई पेंशन व्यवस्था यदि इतनी ही अच्छी है तो इसके दायरे से सांसद विधायक क्यों बाहर हैं? वे क्यों एक से ज्यादा पेंशन ले रहे हैं यह दोहरी व्यवस्था अब चलने वाली नहीं है।






## आरा के धरहरा स्थित विंध्यवासिनी हॉस्पिटल की घटना

# हॉस्पिटल में घुसकर बदमाश ने युवक को मारी तीन गोली, हालत नाजुक

**केटी न्यूज/आरा**

आरा में हॉस्पिटल में एक युवक को बदमाश ने गोली मार दी। युवक पत्नी की डिलीवरी के बाद बच्चे को देखने के लिए हॉस्पिटल पहुंचा था। गुरुवार शाम 7 बजे बदमाश हॉस्पिटल पहुंचा। युवक के सामने आकर कमर से पिस्टल निकाली और ताबड़तोड़ तीन बुलेट दाग दी। मुख्य आरोपी गौतम ने आरा सिविल कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। 5 सेकंड में युवक ने घटना को अंजाम दिया। फिर फरार हो गया। मामला आरा शहर के टाउन थाना क्षेत्र के धरहरा स्थित विंध्यवासिनी हॉस्पिटल का है। युवक की हालत गंभीर है। उसका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि युवक ने दहशत फैलाने के लिए अस्पताल में फायरिंग की है। हॉस्पिटल संचालक का कहना है कि वो कई बार धमकी दे चुका था।



घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि अपराधी फोन पर बात करते हुए वॉर्ड में आता है। इसके बाद वो बेड पर बैठे युवक पर एक के बाद एक तीन गोलियां चलाता है। वो कुछ समझ पाता इससे पहले अपराधी भाग निकलता है। घायल युवक पटना जिला के गौरीचक थाना क्षेत्र के बाली गांव निवासी पुत्र रंगनाथ चौहान (33) है। उसे तीन गोली लगी है। एक बाएं साइड सीने में, दूसरी गोली बाएं हाथ में तो तीसरी गोली दाहिने साइड कमर पर लगी है।

फायरिंग के बाद परिजन रंगनाथ को इलाज के लिए आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल ले गए। जहां, उसका इलाज कराया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही टाउन थानाध्यक्ष संजीव कुमार टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गए है। वहीं, पुलिस ने घटनास्थल से दो खोखा बरामद किया है। घायल रंगनाथ चौहान ने बताया- उसका ससुराल टाउन थाना क्षेत्र के धनुपरा गांव में है। उसकी पत्नी की डिलीवरी होने वाली थी। जिसको लेकर वह अपने ससुराल आया था। 28 अगस्त (सोमवार) को धनुपरा स्थित विंध्यवासिनी हॉस्पिटल में पत्नी का डिलीवरी हुई। बेटे का जन्म हुआ। वह वहीं भर्ती थी। गुरुवार (31 अगस्त) की देर शाम वह अस्पताल में चौकी पर बैठा हुआ था। तभी एक हथियारबंद अपराधी हॉस्पिटल में घुसकर अंधाधुंध फायरिंग कर उसे तीन गोली मार दी।

अस्पताल संचालक सीताराम यादव ने बताया- इब्राहिम नगर का रहने वाला एक कुख्यात अपराधी हमेशा उनके क्लीनिक में घुसकर धमकी देते रहता है। पूर्व में भी अस्पताल में फायरिंग कर चुका है। जिसकी सूचना पहले पुलिस को दे दी गई थी। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल कारावास की सजा

**जहानाबाद।** अपनी पोती के समान नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी करार विशुन देव सिंह के सजा के बिंदु पर शुक्रवार को बचाव एवं अभियोजन पक्ष की ओर से सुनवाई पूरा करने करने के उपरांत अनन्य विशेष पॉकसो न्यायालय के न्यायाधीश रश्मि की अदालत ने आरोपी विशुन देव सिंह को भादवी की धारा 376 एवं 376 ए बी में क्रमशः बीस साल का कारावास और दस दस हजार रुपये अर्थ दंड भुगतान करने का फैसला सुनाया। न्यायालय ने आरोपी को पॉकसो की धारा 4 के तहत 10 साल का कठोर कारावास एवं 5000 अर्थदंड भुगतान करने का फैसला सुनाया। जबकि न्यायालय ने आरोपी विशुन देव सिंह को पॉकसो की धारा 6 के तहत बीस साल कठोर कारावास एवं दस हजार अर्थदंड तथा पॉकसो की धारा 8 के तहत 3 साल का कठोर कारावास और एक हजार रूपया अर्थदंड भुगतान करने का फैसला सुनाया। इतना ही नहीं न्यायालय ने पीड़िता के राहत एवं पुनर्वास के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार को पांच लाख रुपए सहायता राशि उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया है। उपरोक्त आशय की जानकारी पॉकसो के विशेष लोक अभियोजक मुकेश नंदन वर्मा ने दी।

## प्रतिभा खोज प्रतियोगिता आयोजित



**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जहानाबाद के ठाकुरवाड़ी मोहल्ले के मैदान में बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं बिहार बॉक्सिंग संघ के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विक्रम कुमार ने बताया कि बिहार सरकार ने खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य के 15 जिला को केंद्र बनाया गया है, तथा प्रत्येक जिला से प्रतिभा खोज प्रतियोगिता आयोजित कर सभी तरह के खेलों में सहभागिता रखने वाले छात्र-छात्राओं को चयनित किया जाएगा। चयनित छात्र-छात्राओं को कोच द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। विक्रम कुमार ने बताया कि जिले से 300 छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें कड़ी मुकाबले में 40 छात्र एवं छात्राएं सफल रहे।

## पीएम किसान सम्मान निधि योजना की किस्त पाने के लिए किसानों को अपने बैंक खाते में कराना होगा आधार सिडिंग: अपर समाहर्ता

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

शुक्रवार को कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के निदेशानुसार जिला कृषि कार्यालय जहानाबाद द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण सह ओरिएंटेशन कार्यशाला का आयोजन स्थानीय अब्दुल बारी नगर भवन जहानाबाद में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर समाहर्ता जहानाबाद सुधा गुप्ता ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के नियमित किस्त को प्राप्त करने हेतु किसान भाई-बहन को अपना बैंक खाता में आधार सीडिंग, ई केवाईसी, एनपीसीआई लिंकिंग आदि कार्यों को ससमय पूरा करना होगा। जिला कृषि पदाधिकारी, जहानाबाद संजय कुमार के द्वारा पीएम किसान पोर्टल के फार्मर कॉर्नर पर उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उनके द्वारा बताया गया कि कृषि विभाग द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार बिहार राज्य के डीबीटी पोर्टल पर प्राप्त नये आवेदनों एवं किसी भी कारण से लंबित आवेदनों को रद्द कर दिया गया है एवं इसकी सूचना एसएमएस के माध्यम से संबंधित किसानों को दे दी गई है।

राज्य के नये किसानों एवं जिन किसानों के आवेदन लंबित है, को पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने हेतु भारत सरकार के पीएम किसान पोर्टल के फार्मर कॉर्नर में ऑनलाइन पंजीकरण तथा आवेदन करना होगा। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता जहानाबाद के द्वारा इस जिला के किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से सात प्रखंडों के ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करने के लिए ध्वनि यंत्र एवं फ्लैक्स बैनर से सुसज्जित सात ऑटो रिक्शा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर जिला सहकारिता पदाधिकारी सत्येंद्र कुमार प्रसाद, डीडीएम नाबार्ड रजनीकांत, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक प्रशांत कुमार व अन्य उपस्थित थे।






## खबरें फटाफट

### कलेक्ट्रेट में पेड़ गिरने से मची अफरा-तफरी

**बलिया।** कलेक्ट्रेट में शुक्रवार की दोपहर एक बजे अचानक विशालकाय पेड़ गिर जाने से अफरा–तफरी मच गई। वहीं बिजली का खंभा आदि क्षतिग्रस्त हो जाने से बिजली आपूर्ति भी पूरी तरह बाधित है। पेड़ गिरने के कारण चंद्रशेखर उद्यान की दीवार भी क्षतिग्रस्त हो गई। संयोग बढ़िया रहा कि उस वक्त पेड़ के नीचे से कोई गुजर नहीं रहा था, वरना बड़ा हादसा हो जाता। विशालकाय पेड़ गिरन से कलेक्ट्रेट परिसर से मॉडल तहसील की ओर जाने वाला रास्ता भी बंद हो गया, जिससे आवाजाही में फरियादियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### कुंए में गिरने से शिक्षक नेता के बेटे की दर्दनाक मौत

**बांसडीह।** कस्बे के उत्तर टोला में शुक्रवार की दोपहर प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष केके सिंह के 19 वर्षीय पुत्र गोरख सिंह के घर के सामने बने कुंए में गिरने से दर्दनाक मौत हो गयी। घटना की जानकारी होते ही घर–परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।

### जनपद के इंटर कॉलेज में बनेंगे गणित और विज्ञान क्लब

**बलिया।** सिविल लाइन स्थित कार्यालय पर जिला विद्यालय निरीक्षक रमेश सिंह ने शुक्रवार की सुबह 11 बजे बताया कि अब जनपद के इंटर कॉलेज में बनेंगे गणित और विज्ञान क्लब। बताया कि विज्ञान एवं गणित के क्षेत्र में अपार संभावनाओं को देखते हुए 32 राजकीय इंटर कॉलेज में इसी विषय के लिए क्लब गठित किया जाएगा। इनके लिए आवंटित बजट का उपभोग गणित व विज्ञान में छिपी प्रतिभा को उभारने के लिए किया जाएगा।

### जिलाधिकारी ने किया बघेवा गौवंश संरक्षण केंद्र का औचक निरीक्षण

# गौवंशी पशुओं की देखभाल में किसी प्रकार की न हो लापरवाही

**केटी न्यूज/बलिया**



जिलाधिकारी रविंद्र कुमार शुक्रवार को हनुमानगंज ब्लाक के ग्राम बघेवा स्थित अस्थाई गौवंश संरक्षण केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पशुओं की संख्या और उनकी देखभाल करने वाले एवं रात्रि के प्रकाश की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि यहां पर कुल 23 गौवंशी पशु हैं। पशुओं की देखभाल के लिए दो लोगों को रखा गया। रात्रि में प्रकाश के लिए एक सोलर पैनल की व्यवस्था है।

जिलाधिकारी ने पशुओं की स्थिति पर नाराजगी जताई। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि पशुओं को रोजाना मानक के अनुसार भूसा, चोकर, हरे चारे और खली की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। पशुओं को पौष्टिक चारा उपलब्ध कराने एवं देखभाल करने में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए,अन्यथा संबंधित पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने भूसा रखे जाने वाले कमरे का भी निरीक्षण किया और पास सटे कमरे में अभिलेख रखने के लिए एक आलमारी और पशुओं की चिकित्सा के लिए आवश्यक दवाएं रखने का निर्देश दिया। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि स्वालंबन योजना से जुड़े स्वयं सहायता ग्रुप की महिलाएं गाय के गोबर से गमले का निर्माण कर रही है।

अब तक 114 गमलों की बिक्री हो चुकी है। जिलाधिकारी ने कहा कि गाय के गोबर और धान एवं अन्य फसलों से उपलब्ध होने वाली पराली के उपयोग से कंपोस्ट खाद बनाने की प्रक्रिया को शुरू किया जाए।

### जिलाधिकारी ने वृत्ति चित्र की सराहना की

जिलाधिकारी ने गौवंश संरक्षण केंद्र के बाहर बने मॉडल शौचालय में पानी की व्यवस्था एवं संबंधित जगह पर घास और झाड़ियां उगने पर ग्राम पंचायत अधिकारी को फटकार लगाई और साफ सफाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने गौवंश संरक्षण केंद्र की दीवारों पर गौवंश पशुओं की लोगों में जागरूकता के लिए बनाई जा रही वृत्ति चित्र की सराहना की। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि मेन गेट के सामने एवं गांव से आने वाली सड़क के किनारों पर उगी हुई घास एवं अन्य खरपतवार की सफाई करवाएं। उन्होंने गौवंश संरक्षण केंद्र के पास स्थित तालाब के सुंदरीकरण करने हेतु निर्देशित किया।

### मेडिकल चेकअप के लिए आया कैदी पुलिस को चकमा देकर भागा

**बलिया।** जिला अस्पताल से शुक्रवार की दोपहर मेडिकल चेकअप कराने आया विकलांग कैदी पुलिस को चकमा देकर भाग गया। जिससे जेल प्रशासन व पूरे पुलिस महकमे में अफरा–तफरी मच गई। सूचना पाकर मौके पर एसपी एस आनंद, सीओ सिटी, शहर कोतवाल मय फोर्स लेकर कैदी की तलाश में जुट गई है।

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि सिकंदरपुर निवासी कैदी परवेज एक मामले में जिला कारागार में बंद था, शुक्रवार की दोपहर एक बजे पुलिस वाले कैदी परवेज को लेकर जिला अस्पताल में आया था मेडिकल चेकअप कराने के लिए। इसबीच परवेज कब पुलिस की आंखों में धूल झोंककर गायब हो गया, किसी को पता नहीं चला। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि परवेज एक पैर से विकलांग था, बावजूद पुलिस को जिस तरह चकमा देकर भागा है, उससे बलिया पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठना लाजिमी है। इस संबंध में सीओ सिटी एसएन वैभव पांडेय ने बताया कि कैदी को मेडिकल चेकअप के लिए लाया गया था, कागजी कार्रवाई हो ही रही थी कि पुलिस को चकमा देकर भाग गया। तलाश जारी है, जल्द ही कैदी पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

## सबको रुला गए हर दिल अजीज वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप चौरसिया



**केटी न्यूज/बलिया**

◆ शोक सभा आयोजित कर पत्रकारों ने जताया दुःख

वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप कुमार चौरसिया के निधन के बाद जनपद के पत्रकारों ने शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी के डाक बंगले में एक शोक सभा आयोजित की। जिसमें 2 मिनट का मौन रख ईश्वर से गतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसके पूर्व एक दो वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। बता दे कि वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप चौरसिया का हृदयघात होने से 31 अगस्त को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को महावीर घाट पर किया गया। बता दे कि प्रदीप चौरसिया की तबीयत पहले से ही खराब चल रही थी। जिनका इलाज पीजीआई लखनऊ एवं कानपुर से चल रहा था। बृहस्पतिवार को उनकी अचानक तबीयत पुनः खराब हो गई। जिन्हें परीजनों ने जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से स्थिति नाजुक देख चिकित्सकों ने लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। जिसकी लखनऊ जाते समय रास्ते में मऊ मौत हो गई। इसकी जैसे ही जानकारी पत्रकारों को हुई वह हतप्रद हो गए। इसके बाद उनकी आत्मा की शांति के लिए जनपद के पत्रकारों ने नगर के पीडब्ल्यूडी डाक बंगले में एक शोक सभा आयोजित किया। जिसमें 2 मिनट का मौन रख उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर सुधीर ओझा, शशि कुमार, रोहित सिंह, मकसूदन सिंह, मनोज राय, करुणा सिंधु सिंह, धनंजय सिंह, मुकेश मिश्रा, राणा सिंह, अजय राय, धनंजय तिवारी, श्रवण कुमार पांडेय, सुरेंद्र गुप्ता, उपेंद्र, अमित कुमार, आनंद दुबे, श्याम प्रकाश शर्मा, प्रभाकर सिंह, नरेंद्र मिश्रा, शशिकांत ओझा, अनिल अकेला, रोशन जायसवाल, सुनील सेन दादा, विक्की गुप्ता, राजेश मिश्रा, संजय तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

### चोरी की बाइक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**बलिया।** हल्दी थाने की पुलिस ने एक चोरी की बाइक के साथ दो लोगों को शुक्रवार को दिन में करीब एक बजे वसुधरपाह हनुमान मंदिर से पास से पकड़ा। जिन्हें संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर न्यायालय के लिए चालान कर दिया।

आपको बताते चले कि थाने की उपनिरीक्षक अजय यादव अपने हमराहियों के साथ हल्दी चौराहे पर गश्त कर रहे थे। इसी बीच मुखबीर की सूचना मिली कि चोरी की बाइक के साथ दो व्यक्ति हल्दी–सहतवार मार्ग से गुजरने वाले है। पुलिस ने आनन फानन में तलाशी शुरू कर दी। इसी बीच वसुधरपाह हनुमान मंदिर से पास दो व्यक्ति को पकड़ा। पूछताछ के दौरान उन्होंन अपना नाम शिवटहल यादव निवासी रामगढ़ थाना हल्दी व गणेश राम निवासी भुवाल छपरा थाना दोकटी बताया।

### विवि परिसर में हाईटेक नर्सरी के लिए भेजा गया एक करोड़ का प्रस्ताव

**केटी न्यूज/बलिया**



बसंतपुर स्थित जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में कुलपति प्रोफेसर संजीव कुमार गुप्ता ने शुक्रवार की दोपहर दो बजे प्रेसवार्ता की। कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में हाईटेक नर्सरी की स्थापना के लिए शासन को लगभग एक करोड़ रूपए का प्रस्ताव भेजा गया था। इस संदर्भ में जिला उद्यान अधिकारी अलका श्रीवास्तव द्वारा विश्वविद्यालय परिसर का स्थलीय पर्यवेक्षण कर मुख्य विकास अधिकारी को रिपोर्ट भेज दी गई है। शीघ्र ही शासन द्वारा इसके स्वीकृति की उम्मीद है।

कहा कि विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा नवंबर मास के अंतिम सप्ताह में एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन प्रस्तावित है। इस संगोष्ठी की रूपरेखा निर्मित हो चुकी है, इसे शीघ्र ही प्रदेश हिंदी संस्थान के पास स्वीकृति के लिए भेजे जाना है। कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में अनुसूचित जाति एवं जनजाति की छात्राओं के लिए छात्रावास का निर्माण शीघ्र ही पूर्ण होने वाला है। शीघ्र कार्यदायी संस्था से इसका हस्तांतरण हो जाएगा और यह विश्वविद्यालय परिसर में पढ़ने वाली अनुसूचित जाति व अनुसूचति जनजाति की छात्राओं को आवंटित किया जाएगा।

### फोन से मिली जान से मारने की धमकी

**बलिया।** बांसडीह थाना क्षेत्र के कैथवली ग्राम सभा स्थित सेंट्रल बैंक के शाखा प्रबंधक को अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन व व्हाट्सएप काल करके गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुवे बैंक के शाखा प्रबंधक ने बांसडीह पुलिस को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है । कैथवली ग्राम सभा स्तिथ सेंट्रल बैंक के शाखा प्रबंधक प्रदीप कुमार मझवार ने पुलिस को तहरीर देकर शिकायत की है कि उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से बार बार फोन व मैसेज कर गाली गलौज करने के साथ जान से मारने की धमकी दी जा रही है। विगत तीन दिनों से उक्त नंबर से बार बार मैसेज व काल कर धमकी दी जा रही है। इस संबंध में शाखा प्रबंधक द्वारा डायल 112 पर भी शिकायत की गयी ।









## खबरें फटाफट

### 97वें जन्म दिवस पर याद किए गए डॉ. राही मासूम रजा

**गाजीपुर।** नोनहरा क्षेत्र के ग्राम बघुइ बुजुर्ग में स्थित डॉ. राही मासूम रजा कान्वेंट स्कूल में शुक्रवार को डॉ राही मासूम रजा के 97वें जन्म दिवस पर उन्हें याद किया गया। इस दौरान शिक्षकों और स्थानीय लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानाचार्य प्रहलाद सिंह ने कहा कि डॉ. राही मासूम रजा किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं, उन्होंने जहाँ हिंदी टीवी धारावाहिक महाभारत के माध्यम से भारतीय संस्कृति से दुनिया को रू-ब-रू कराया, वही सामाजिक ताने-बाने को भी मजबूत बनाने का कार्य किया है।

### एपवा की महिलाओं ने भाजपा की नीतियों को कोसा

**चंदौली।** अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला संगठन एपवा का पांचवा जिला सम्मेलन बिछियां में हुआ। इस दौरान वक्ताओं ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया। मुख्य वक्ता एपवा की राज्य सचिव कुसम वर्मा ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार में महिलाओं को न्याय नहीं मिल रहा है।

### डेंगू के मरीज की मौत के मामले में अस्पताल को मिला क्लीन चिट

**चंदौली।** डेंगू मरीज की मौत के मामले में उत्तर प्रदेश मेडिकल काउंसिल ने चंदौली स्थित सूर्या अस्पताल के चिकित्सक डा. गौतम त्रिपाठी को निर्देश मानते हुए क्लीनचिट दे दी है। दोनों पक्षों के रिकार्ड देखने व जांच के बाद उत्तर प्रदेश रजिस्ट्रार मेडिकल काउंसिल की एथिकल कमेटी ने यह पाया कि इलाज में चिकित्सक की ओर लापरवाही नहीं बरती गई थी।

## जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों के साथ की बैठक

# कीनाराम जन्मोत्सव में किसी तरह की लापरवाही क्षम्य नहीं : डीएम

**केटी न्यूज/ चहनियां**



रामगढ़ स्थित संत शिरोमणी अघोराचार्य बाबा कीनाराम मठ में बाबा कीनाराम के 424वें जन्मोत्सव को लेकर बाबा कीनाराम मठ सभागार में जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे व पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार, उपजिलाधिकारी मनोज पाठक, क्षेत्राधिकारी राजेश राय ने सभी विभागों के अधिकारियो के साथ बैठक की। इसमें तीन दिवसीय मेला 13 से 15 सितंबर को बाबा कीनाराम महोत्सव शुरू होने से पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं प्रधान मठ व्यवस्थापक अरुण कुमार सिंह से जन्मोत्सव समारोह की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। बैठक में जिलाधिकारी ने पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन राजेश कुमार से कीनाराम धाम जाने वाले सभी मार्गो को दुरुस्त करने, बिजली विभाग के एक्सईएन राजन कुमार से सभी तारों को दुरुस्त करने व दो लाइनमैन तीन दिनों तक रहने को निर्देशित किया । वहीं स्वास्थ्य विभाग के सीएमओ वाइके राय से बाबा कीनाराम मठ में तीन दिनों तक स्वास्थ्य कैम्प व स्वास्थ्य विभाग के डाक्टरों की टीम मौजूद रहेगी । किसी को इमरजेंसी पड़ने पर परेशानियां न होने पाये। डीपीआरओ ब्रह्मचारी दुबे को मठ के अंदर व बाहर लगातार साफ सफाई का निर्देश दिया। जलनिगम विभाग को पानी की व्यवस्था को लेकर जगह-जगह टोटी लगाने का निर्देश दिया, नगर पंचायत अधिकारी से बात कर पानी का टैंक, मोबाइल सामुदायिक शौचालय लगाने को निर्देशित किया । वही पुलिस अधीक्षक डॉ.अनिल कुमार ने कहा कि बाबा कीनाराम जन्मोत्सव में दर्शन करने के दौरान अंदर व बाहर सादे कपड़े में पुलिस कर्मी व महिला कर्मी के साथ साथ सुरक्षा वयवस्था को लेकर जगह जगह पुलिस के जवान तैनात किये जायेगे । वहीं महिलाओं की सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त महिला पुलिस कर्मियों को बढ़ाया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि तीन दिवसीय कीनाराम महोत्सव में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। बैठक में मेजर अशोक सिंह, खंड विकास अधिकारी दिव्या ओझा, चिकित्साधिकारी डा. रितेश कुमार, बिजली विभाग एक्सईएन राजन कुमार, रमेश राय, बब्बू सिंह, भोला सिंह, प्रभुनारायण सिंह, सूर्य नाथ सिंह, पंकज पाण्डेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## हथियारबंद बदमाशों ने स्कॉर्पियो पर की अंधाधुंध फायरिंग, युवक जान बचाकर भागा

**गाजीपुर।** जिला मुख्यालय अंतर्गत जमानिया मोड़ के पास स्थित पेट्रोल पंप के सामने उस समय एकाएक अफरा-तफरी मच गई। जब बाइक सवार हथियारबंद बदमाशों ने स्कार्पियो पर फायरिंग कर दिनदहाड़े गोलियां तड़तड़ाने लगे। गोलियों की तड़तड़ाहट के बीच स्कार्पियो सवार युवक एक गली में घुसकर जान बचाने के लिए किसी तरह भाग गया। इसी बीच बदमाश फायरिंग करते हुए भाग निकला। उसके बाद स्कार्पियो सवार भी किसी तरह जान बचाकर भाग गया। उधर फायरिंग की सूचना मिलते ही खुद एसपी ओमवीर सिंह फोर्स के साथ घटना स्थल पर पहुंचे, जहां पर बदमाशों की फायरिंग की वजह से एक बुलेट खड़े ट्रक के शीशे में जाकर भिड़ गया। इस हादसे के बाद ट्रक के शीशे में होल तक हो गया है। इस दौरान एसपी ओमवीर सिंह ने फायरिंग की पुष्टि करते हुए कहा घटना की सूचना मिली है। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा छानबीन की जा रही है।

## गाजीपुर में सिर कूचकर वृद्ध की हत्या

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के तिरछी गांव में सिर कूचकर एक वृद्ध की बदमाशों ने हत्या कर दी। घटना के बाद हत्या करने वालों का कोई सुराग नहीं मिला है। पूरे प्रकरण की पुलिस छानबीन में जुटी हुई है। वृद्ध की हत्या के पीछे क्या कारण है? वारदात को किसने अंजाम दिया ? और हत्या क्यों की गई ? इस संबंध में फिलहाल परिजन बहुत कुछ बताने से इंकार कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने भूमि विवाद की तरफ इशारा किया है।क्षेत्र के तिरछी गांव निवासी रामनाथ चौहान (70) उमस भरी गर्मी के कारण अपने घर का दरवाजा खोलकर सो रहे थे। उनकी बच्ची व पत्नी दूसरे मकान पर गए हुए थे। रात में किसी समय अज्ञात लोगों ने सोते वक्त उनके सिर को ईंट से कूंचकर मौत के घाट उतार दिया। वारदात की सूचना मिलते ही एसपी ओमवीर सिंह, एसपी सिटी, सीओ, एसओ सहित भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई और लोगों से पूछताछ कर रही है। मृतक के घर वालों का कहना है कि जमीनी विवाद में हत्या की गई है। पुलिस फिलहाल भूमि विवाद को केंद्र में रखकर कार्रवाई में जुट गई है। घटना स्थल पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने क्षेत्राधिकारी एवं थानाध्यक्ष को हत्याकांड का तत्काल खुलासा करने के लिए टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया।






## मुख्तार अंसारी के साले सहित गैंग के सात अपराधियों का गाजीपुर जेल से स्थानांतरण

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



माफिया मुख्तार अंसारी, उनके रिश्तेदारों तथा गुर्गों पर शासन का शिकंजा कसना शुरू हो गया है। हफ्तेभर के अंदर मुख्तार के साले सहित सात शातिर अपराधियों व सजायाफ्ता को प्रदेश के विभिन्न जनपदों के कारागार में भेजा गया है। ऐसे में किसी को कानपुर तो किसी को सोनभद्र, तो कुछ जिला कारागार इटावा भेजे गए हैं। अब भी जिला कारागार के विभिन्न बैरकों में करीब छह की संख्या में माफिया के करीबी बंद हैं। शासन द्वारा बीते 21 अगस्त की देर शाम आए फरमान के बाद जेल प्रशासन ने दूसरे दिन 22 अगस्त की सुबह तक मुख्तार के पांच गुर्गों का जेल स्थानांतरण कर दिया। अचानक हुई कार्रवाई से मुख्तार के करीबियों में खलबली मच गई है। मुख्तार के साले अनवर शहजाद को जिला कारागार से सोनभद्र जेल, अमित राय को कानपुर देहात जेल, जफर उर्फ चंदा को संतकबीर नगर जेल भेजा गया है। इसके अलावा सरफराज उर्फ मुन्नी को बस्ती जेल, जाकिर हुसैन उर्फ विक्की को जिला कारागार से जालौन- उरई जेल स्थानांतरित किया गया है। कड़ी सुरक्षा के बीच इन्हें विभिन्न कारागार के लिए ले जाया गया। उधर मुख्तार के गुरु हरिहर एवं गुर्गे भीम सिंह को भी अन्यत्र जनपदों के कारागार भेज दिया गया।

## सहकारी समितियों से जुड़े किसान व पशुपालक

**सदस्यता अभियान**

**केटी न्यूज/चंदौली**




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सहकार से समृद्धि के सपने को साकार करने एंव अधिक से अधिक कृषकों को सहकारी समितियों (बी-पैक्स) का सदस्य बनाकर भारत सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। इस क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में शुक्रवार को बी-पैक्स सदस्यता महाभियान चलाया गया, जो 30 सितंबर तक चलेगा। हेतु टोलफ्री नम्बर 1800212884444 एवं आनलाईन बेवसाइट का शुभारम्भ किया गया।

इस कार्यक्रम में लखनऊ में राज्यमंत्री सहकारिता, जेपीएस राठौर, कैबिनेट मंत्री जलशक्ति मंत्रालय स्वतंत्र देव सिंह उपस्थित रहे। इसके साथ ही विभिन्न जनपदो से प्रदेश सरकार के मंत्री, सांसद एवं विधायक वेब लिंक के माध्यम से उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। जनपद चंदौली में इस कार्यक्रम का कृषि विज्ञान केन्द्र के सभागार में सजीव प्रसारण की व्यवस्था की गयी। जिसमें यूपी सहकारी आवास संघ लखनऊ के अध्यक्ष आरपी कुशवाहा सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता चंदौली अजय कुमार मौर्य उपस्थित रहें।

इस दौरान मुख्यमंत्री एवं सहकारिता मंत्री द्वारा सदस्यता महा अभियान में सभी किसान भाइयों, मत्स्यपालकों, पशुपालकों, कुक्कुट पालकों, कुशल एवं अकुशल श्रमिको को अधिक से अधिक सदस्य बनाने तथा समिति की अशपूंजी में वृद्धि कर पैक्स को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने हेतु आह्वान किया गया।










### भाजपा प्रत्याशी दारा सिंह चौहान के पक्ष में मांगे वोट

# घोसी उपचुनाव में विपक्षी पार्टी की होगी जमानत जब्त: ब्रजेश पाठक

**केटी न्यूज/ मऊ**

घोसी विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव को लेकर लगातार दूसरे दिन डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने हुंकार भरी। क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर आयोजित जनचौपालों, बैठकों और जनसंपर्क अभियान के तहत उन्होंने भाजपा प्रत्याशी दारा सिंह चौहान के पक्ष में वोट मांगे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी विरोधी पक्ष की जमानत जब्त करा देंगे। ग्राम कुर्थी जाफरपुर में आयोजित जनचौपाल को संबोधित किया । उन्होंने घोसी सीट पर ऐतिहासिक जीत दिलाकर कमल खिलाने का आह्वान किया। इस दौरान दर्जनों सपा कार्यकताओं को भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। वहीं, ग्रामसभा चौबेपुर एकौना में आयोजित जनचौपाल को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। राजन महाविद्यालय, हिकमा, कोपागंज में आयोजित बैठक में उन्होंने प्रबुद्ध वर्ग के लोगों से संवाद करते हुए भाजपा की उपलब्धियां गिनाईं। उधर, कोइरियापर घोसी में शक्ति केंद्र की बैठक कर कार्यकताओं से बातचीत करते हुए चुनावी तैयारी का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं के उत्साह व जनता से मिल रहे स्नेह एवं आशीर्वाद से घोसी पर कमल खिलना निश्चित है और विपक्षी पक्ष की जमानत जब्त होगी। इस दौरान पूर्व मंत्री सतीश द्विवेदी, पूर्व मंत्री टुनटुन उपाध्याय, पूर्व विधायक उमेश पांडेय, पंकज चौबे, ब्लाक प्रमुख मनीष मिश्रा, प्रमोद सिंह आदि मौजूद रहे।



## जिलाधिकारी अरुण कुमार के नेतृत्व में रूट मार्च निकाला गया

**मऊ।** विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के तहत जनपद के विधानसभा क्षेत्र घोसी में होने वाले उप निर्वाचन के दृष्टिगत आज जिलाधिकारी अरुण कुमार के नेतृत्व में पुलिस एवं अर्ध सैनिक बलों के द्वारा नगर क्षेत्र घोसी में रूट मार्च निकाला गया। इस दौरान घोसी बाजार स्थित समस्त बूथों के मार्गो सहित बाजार की समस्त गलियों से गुजरते हुए रूट मार्च मुख्य मार्ग पर समाप्त हुआ। लोगों में मतदान को लेकर भय समाप्त करने तथा मतदान प्रक्रिया के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के भी संदेश दिए गए। घोसी बाजार की गलियों के अंदर सड़क की जमीनों का अतिक्रमण कर कई भवनों का निर्माण मिला।

## भाजपा प्रत्याशी दारा सिंह चौहान की जीत होगी: संजय निषाद

**मऊ।** जिले की घोसी विधानसभा सीट पर भाजपा के सहयोगी दल के नेता और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व मंत्री संजय निषाद ने मीडिया से बातचीत में दावा किया कि भाजपा प्रत्याशी दारा सिंह चौहान की जीत होगी। बातचीत के दौरान समाजवादी पार्टी पर हमला बोलते हुए संजय निषाद ने विवादित बयान दे डाला। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के लोग जाली हैं। आगे कहा कि जालीदार टोपी वाले जाली लोगों के साथ हैं। इसके साथ ही दावा किया केंद्र-प्रदेश की सरकार बिना किसी भेदभाव के काम कर रही है। पहले की सरकारों में ऐसा नहीं होता था।चुनाव प्रचार के लिए घोसी पहुंचे संजय यादव ने कहा कि यहां भाजपा नहीं बल्कि एनडीए प्रत्याशी चुनाव लड़ रहा है।

## 15 वर्षीय उम्र वर्ग में शिवम गुप्ता को मिला कराटे में प्रथम स्थान

**केटी न्यूज/ मऊ**

फर्स्ट इंटर डिस्ट्रिक्ट कराटे चैंपियनशिप 2023 का आयोजन चंद्रा पब्लिक स्कूल मऊ के परिसर में किया गया था। जिसमें 164 बच्चों ने भाग लिया। फर्स्ट इंटर डिस्ट्रिक्ट कराटे चैंपियनशिप में 15 वर्षीय उम्र वर्ग में इमलिया निवासी शिवम गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिवम गुप्ता चंद्रा पब्लिक स्कूल में हाई स्कूल का छात्र है, और वह काफी दिनों से कराटे प्रतियोगिता के विभिन्न श्रेणियां में भाग लेता रहा है। कराटे में उसकी विशेष अभिरुचि है। शिवम के पिता राजेश गुप्ता एवं माता पूनम गुप्ता मूल रूप से गाजीपुर जनपद के भांवरकोल विकासखंड अंतर्गत गौड़ऊर ग्राम पंचायत के निवासी हैं,



और मऊ जनपद के इमलिया मोहल्ले में काफी दिनों से रिहायश कर रहे हैं। शिवम गुप्ता के कराटे प्रथम आने पर अनेक लोगों ने बधाई दी है। आयोजक मंडल ने ट्रॉफी, मोमेंटो प्रदान किया। बधाई देने वालों में व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष उमाशंकर ओमर, उपाध्यक्ष फतेह बहादुर गुप्त, महामंत्री स्वतंत्र कुमार गुप्त उर्फ मुन्ना व अन्य शामिल हैं।

## स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला दहन किया

**मऊ ।** कोपागंज थाना क्षेत्र के गौरीशंकर मंदिर के प्राँगण में शुक्रवार को सुबह बीएसएस परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष अजित कुमार पांडेय के नेतृत्व में दर्जनो कार्यकताओं ने स्वामी प्रसाद मौर्य के जिला में प्रचार प्रसार करने आने की सूचना पर आक्रोशित होकर उनका पुतला दहन कर बुद्धि शुद्धि यज्ञ किया। कहा कि ऐसे लोग समाज मे रहने के लायक नही है जो पौराणिक ग्रंथों की अवहेलना करें और प्रतियां फाड़े। क्षेत्र के गौरीशंकर मंदिर के प्रांगण में बीएसएस सेना के प्रदेश अध्यक्ष ने बुद्धि शुद्धि यज्ञ कर स्वामी प्रसाद मौर्या का पुतला दहन किया। ब्राह्मणों के ऊपर अनर्गल टिप्पणी करने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य की बुद्धि भ्रष्ट हो गयी है। कार्यकताओं ने अपने हाथ मे तख्ती पर स्वामी प्रसाद मुदार्बाद के नारे लगाए।







